मोटर वाहन दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण, झाँसी

प्रकीर्ण वाद संख्या 13/2020 (एम.ए.सी.पी. सं. 258/2019)
श्रीमती तीजा देवी आदि बनाम राकेश कुमार लोहिया आदि
<u>06.07.2020</u>

पत्रावली प्रस्तुत हुयी। पुकार करायी गयी। प्रार्थीगण/याचीगण मय विद्वान् अधिवक्ता उपस्थित आये।

3B प्रार्थनापत्र जिसे शपथपत्र प्रपत्र संख्या 4C2 से समर्थित किया गया है, में प्रार्थीगण ने प्रार्थना की है, कि याचिका लोक अदालत में दिनांक 14.12.2019 को राजीनामा के आधार पर निर्णीत की जा चुकी है तथा विपक्षी बीमा कम्पनी द्वारा क्षतिपूर्ति धनराशि मुब. 3,00,000/– की चेक न्यायाधिकरण में दिनांक 27.12.2019 को जमा की जा चुकी है । अतः प्रार्थीगण को उक्त धनराशि दिलाये जाने के आदेश पारित करने की कृपा की जाय।

मैंने पत्रावली का परिशीलन किया। प्रार्थीगण द्वारा अपने आधार कार्ड व पास बुक की छाया प्रति पत्रावली पर दाखिल की गयी हैं व असल पासबुक अवलोकनार्थ प्रस्तुत की है। प्रार्थी श्रीमती तीजा देवी ने अपने शपथपत्र 4C2 में यह भी कथन किया है कि न्यायाधिकरण के आदेश के विरूद्ध कोई अपील लंबित नहीं है। न्यायाधिकरण द्वारा पारित उक्त निर्णय /आदेश दिनांकित 14.12.2019 जिला न्यायालय, झाँसी की वेब साइट पर उपलब्ध है जो सत्यप्रतिलिपि के समान है। न्यायाधिकरण के उक्त निर्णय के अनुक्र में में 3,00,000/– रुपये की चेक की छाया प्रति 7C1 पत्रावली पर दाखिल की गयी है। प्रबन्धक, सिंडीकेट बैंक शाखा गोबिन्द चौराहा, झाँसी ने अवगत कराया कि उक्त प्रकरण में 3,00,000/–रु. क्रमांक 635 पर दिनांक 07.01.2020 को उनके यहां जमा है । अतः प्रकरण में जमाशुदा धनराशि प्रार्थीगण/याचीगण प्राप्त करने के अधिकारी हैं।

**<u>आदेश</u>**

सिंडीकेट बैंक, शाखा गोबिन्द चौराहा, झाँसी को आदेशित किया जाता है कि वह प्रकीर्ण वाद संख्या–13/2020 (एम.ए.सी.पी.सं. 258/2019) श्रीमती तीजा देवी आदि बनाम राकेश कुमार लोहिया आदि के प्रकरण में उक्त जमाशुदा धनराशि मुब . 3,00,000/–(तीन लाख) रुपये निम्नानुसार अदायगी करें–

| **प्रार्थी/याची** | **धनराशि रुपयों मे** | **+ अर्जित ब्याज का %** | **अदायगी का तरीका** | **खाता संख्या** | **बैंक** | **IFSC** | **अनुपालन आख्या** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Teeja Devi | 50000 | 17 | RTGS/ NEFT | 38538923460 | SBI | SBIN0000131 | |
| Teeja Devi | 150000 | 50 | FD for 3 yrs. | Any Nationalised Bank | | SBIN0000131 | |
| Chandrabhan | 100000 | 33 | RTGS/ NEFT | 38448410326 | SBI | | |
| कुल | 300000 | | | | | | |

(चंद्रोदय कुमार)
पी.ओ., एम.ए.सी.टी., झांसी



Digitally signed by CHANDRODAY KUMAR
Date: 2020.07.06 12:39:47 IST
Reason: Document Owner
Location: MACT JHANSI